
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 22.08.2022 से 27.08.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## लंपी स्किन बीमारी की रोकथाम के लिए पशुओं का टीकाकरण अभियान

(दिनांक 22.08.22)



**विषय: लंपी स्किन बीमारी की रोकथाम के लिए पशुओं का टीकाकरण अभियान।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी की अगुवाई में राज्य सरकार ने पशुपालकों के हितों को देखते हुए पशुओं में फैली लंपी स्किन बीमारी की रोकथाम के लिए पशुओं के टीकाकरण अभियान को युद्ध स्तर पर चलाया हुआ है। राज्य में कुल 19 लाख 32 हजार 39 पशुओं की संख्या है। अब तक 3000 वैक्सीन (गॉट पॉक्स वैक्सीन 100 एम एल वाईल्स) वितरीत की जा चुकी है, जबकि 17000 वैक्सीन की और आवष्यकता है। 12 हजार 500 वैक्सीन (100 एम एल वाईल्स) 23 अगस्त तक मिल जाएगी, जिसे 23 और 24 अगस्त तक वितरित कर दिया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 27 तारीख तक 4500 वैक्सीन (100 एम एल वाईल्स) मिलने की उम्मीद है और इन्हें भी 28 और 29 अगस्त तक वितरित किए जाने की उम्मीद है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक
(दिनांक 22.08.22)



**विषय: राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में सभी राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक हुई।

बैठक में सभी प्रशासनिक सचिवों, जिला उपायुक्तों, जिला परिशद के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और जिला नगर आयुक्तों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों को खनन स्थलों के भीतर व आसपास के क्षेत्रों में भू–जल स्तर की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए खनन स्थलों पर पीजोमीटर लगाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खनन स्थलों पर भू–जल का अत्यधिक दोहन करने के कारण भू–जल स्तर में कमी आ जाती है, जिससे अवैध खनन की संभावना बढ़ जाती है। अतः इस पर नियंत्रण रखने के लिए खनन स्थलों पर पीजोमीटर लगाये जाने आवष्यक हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने स्कूल ड्रॉप आउट पर अंकुश लगाने के लिए अथक प्रयास किया है ताकि यह सुनिष्चित किया जा सके कि कोई भी छात्र किसी भी कारण से शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि अब इस प्रतिबद्धता को

# साप्ताहिक सूचना पत्र



आगे बढ़ाते हुए शिक्षा विभाग 5 से 18 वर्ष के आयु वर्ग तक के प्रत्येक छात्र की आयु–वार ट्रैकिंग की एक नई प्रणाली लागू करेगा। इस प्रणाली के तहत, उपरोक्त आयु वर्ग के बच्चे, जो परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) डाटा में पंजीकृत हैं, उन्हें शिक्षा विभाग द्वारा ट्रैक किया जाएगा ताकि ऐसे सभी बच्चों के बारे में वास्तविक समय की जानकारी एकत्र की जा सके और ड्रॉप आउट दर को कम किया जा सके।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय उत्थान के विजन के साथ कार्य कर रही है। इसके लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम को भी मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना से जोड़ा जाए ताकि पात्र परिवारों को स्वरोजगार के अधिक अवसर मिल सकें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बिजली विभाग लाल डोरा से एक किलोमीटर के दायरे तक सभी घरों में बिजली कनेक्शन देने की संभावनाएं तलाशे। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश में लाल डोरा के भीतर शत–प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। फिर भी कोई बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करता है, तो विभाग आवष्यकतानुसार कनेक्शन प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री जी ने उपायुक्तों को जिला स्तरीय दिशा समितियों की नियमित बैठकें करने के निर्देश दिये ताकि इन बैठकों में उठाये गये सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को राज्य स्तरीय दिशा समिति में रखा जा सके। जिससे जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या पर तत्काल विचार–विमर्श कर समाधान निकाला जा सके।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी से मुलाकात'

(दिनांक 23.08.22)





**विषय: नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी से मुलाकात'।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने मंगलवार को भारत के नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उन्हें उपराष्ट्रपति चुनाव में मिली जीत पर बधाई दी। इस दौरान दोनों के बीच राष्ट्रीय वह प्रदेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

# माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात

(दिनांक 23.08.22)



**विषय: माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने मंगलवार को भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से औपचारिक मुलाकात की। मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को हरियाणा प्रदेश की जनता की ओर से शुभकामनाएं देकर आभार जताया । साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा में चल रहे अन्त्योदय के कार्यों की जानकारी भी राष्ट्रपती जी को दी और उनसे मार्गदर्शन लिया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अमृता अस्पताल का उद्‌घाटन
(दिनांक 24.08.22)




**विषयः अमृता अस्पताल का उद्‌घाटन।**
**प्रभावः** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आज फरीदाबाद में देश के सबसे बडे अमृता अस्पताल का उद्‌घाटन कर जनता को समर्पित किया। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री जी भी मौजूद रहे।
प्रधानमंत्री जी ने कहा कि अमृत काल की इस प्रथम बेला में मां के आशीर्वाद का अमृत देश को मिल रहा है। फरीदाबाद में आरोग्य का इतना बड़ा संस्थान प्रतिष्ठित हो रहा है। यह बिल्डिंग और टेकनॉलिजी से जितना आधुनिक है सेवा, संवेदना और आध्यात्मिक चेतना के हिसाब से भी उतना ही अलौकिक है। यहां आधुनिकता और अध्यामिकता का समागम देखने को मिल रहा है। यह गरीबों के लिए सुलभ और सस्ते इलाज का माध्यम बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा के इतने बड़े महायज्ञ के लिए वे अम्मा के आभारी हैं। प्रधानमंत्री जी ने उम्मीद जताई की देश की दूसरी संस्थाओं के लिए ये प्रकल्प आदर्श बनेगा। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि अमृता अस्पताल के शुरू होने से ना केवल फरीदाबाद और

# साप्ताहिक सूचना पत्र





हरियाणा राज्य के लोगों सुविधा मिलेगी बल्कि दिल्ली एनसीआर की पूरी आबादी को भी यहां उपचार की सुविधा मिलेगी। वहीं इस मौके पर मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी और मां अमृता आनंदमयी जी का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का हरियाणा से एक अलग लगाव है, उसी लगाव और प्रेम के चलते प्रधानमंत्री जी के आज के आगमन को पूरा प्रदेश आशीर्वाद के रूप में ग्रहण करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री जी गरीब एवं अभावग्रस्तों की चिंता करते हुए अंत्योदय दर्शन के साथ योजनाओं का संचालन कर रहे हैं, जो सराहनीय है। गरीबों के सिर पर छत प्रदान करना, उनके स्वास्थ्य देखभाल के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान योजना की शुरुआत करना और उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाना तथा हर घर नल स जल जैसी योजनाओं की शुरुआत करना अंत्योदय दर्शन का एक बड़ा उदाहरण है। ऐसी योजनाओं के कारण आज हर देशवासी के मन में यह विश्वास है कि हर कठिनाई में प्रधानमंत्री उनके साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अम्मा द्वारा 2016 में लगाया गया यह पौधा आज एक वटवृक्ष के रूप में खड़ा हुआ है। यह केवल एक अस्पताल का उद्घाटन नहीं बल्कि गरीबों की सेवा के लिए किया जाने वाला यज्ञ है। यह प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत की कल्पना को आगे बढ़ाएगा। निष्चित तौर पर हरियाणा के लोग इससे लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अम्मां ने दक्षिण भारत के बाद उत्तर भारत में अस्पताल के

# साप्ताहिक सूचना पत्र




निर्माण के लिए फरीदाबाद को चुना इसके लिए प्रदेश उनका आभारी है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से हरियाणा आगे बढ़ रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में हरियाणा सरकार के कामकाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा आज देश के उन अग्रणी राज्यों में है, जहां घर–घर पाइप से पानी की सुविधा से जुड़ चुका है। इसी तरह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ में भी हरियाणा के लोगों ने बेहतरीन काम किया है।

खेल के क्षेत्र में हरियाणा के खिलाडियों की उपलब्धियों का बखान करते हुए प्रधानमंत्री जी ने कहा कि फ़िटनेस और खेल जैसे विषय हरियाणा की रगों, मिट्टी और संस्कारों में हैं। यहां के युवा खेल के मैदान में तिरंगे की शान बढ़ा रहे हैं। इसी तरह दूसरे राज्यों को भी हरियाणा से प्रेरणा लेनी चाहिए और कम समय में ऐसे परिणाम हासिल करने चाहिए। यह पहला मौका नहीं है जब प्रधानमंत्री जी ने मुख्यमंत्री जी और हरियाणा सरकार के कामकाज की तारीफ की हो। माननीय प्रधानमंत्री जी ने हरियाणा सरकार के नवोन्मेशी रुख और दूरदर्शिता की भी प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री ने इस समर्पण और नवाचार से काम किया कि हरियाणा सरकार के कार्यक्रमों के कुछ मॉडल केंद्र सरकार ने भी अपनाए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मिशन टीबी फ्री हरियाणा के तहत 'अडॉप्ट ए डिस्ट्रिक्ट' पहल का शुभारंभ
(दिनांक 24.08.22)




**विषय: मिशन टीबी फ्री हरियाणा के तहत 'अडॉप्ट ए डिस्ट्रिक्ट' पहल का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने मेदांता–द मैडिसिटी अस्पताल में आयोजित मिशन टीबी फ्री हरियाणा के तहत 'अडॉप्ट ए डिस्ट्रिक्ट' पहल का शुभारंभ करने उपरांत कॉरपोरेट कंपनियों का आह्वान किया कि वे देश को सन् 2025 तक टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश के जिलों को अडॉप्ट करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों मे टीबी की रोकथाम व ईलाज की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी परंतु बिमारी को जड़मूल से समाप्त करने के लिए सभी हितधारकों को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। कार्यक्रम उपरांत मुख्यमंत्री जी ने कृष्णा मारूति इंडस्ट्रीज द्वारा सीएसआर के तहत उपलब्ध करवाए गए दो मोबाइल क्लीनिक को हरी झंडी

दिखाकर रवाना किया। इस वैन में पोर्टेबल एक्स रे मशीन, ट्रूनेट मशीन सहित मैडिकल परीक्षण की कई सुविधाएं उपलब्ध हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों व चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा पोलियो फ्री हो चुका है और अब हम प्रदेश को टीबी फ्री करने की ओर अग्रसर हैं। आने वाले दिनों में प्रदेश को एनीमिया से मुक्त करने का अभियान भी चलाया जाएगा जिससे विशेशकर महिलाओं व बच्चों को काफी लाभ होगा।

'मिशन टीबी फ्री हरियाणा' का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विभिन्न कॉरपोरेट कंपनियों ने अभी तक हरियाणा प्रदेश के 11 जिलों को अडॉप्ट कर लिया है। इनमें यमुनानगर और करनाल जिला को राइट्स कंपनी, पानीपत को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, सोनीपत को हिंदुस्तान लीवर, हिसार को जिंदल ने, मेवात को आर जे कॉर्प लिमिटेड, फरीदाबाद को एस्कोर्ट कंपनी, महेन्द्रगढ़ व रेवाड़ी को हीरो मोटोकॉर्प ने अडॉप्ट कर रखा है। आज मैनकाइंड फार्माष्यूटिकल कंपनी ने भी प्रदेश के दो जिले पलवल और झज्जर अडॉप्ट करने की सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के 9 जिले शेष रहते हैं जिनमें सिरसा, फतेहाबाद, जींद, अंबाला, पंचकूला, रोहतक, कुरूक्षेत्र, चरखी दादरी व भिवानी शामिल हैं। उन्होंने कॉरपोरेट हाउसिज से अपील की है कि इन जिलों को भी अडॉप्ट करके इनको टीबी फ्री करने का अभियान चलाएं।

## प्रेस वार्ता

(दिनांक 18.08.22)

**विषय: प्रेस वार्ता।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज प्रेस वार्ता के माध्यम से प्रदेश की जनता से संवाद किया इस दौरान उन्होंने बहुत सी महत्वपूर्ण घोषणाएं की और आने वाली



योजनाओं की जानकारी दी। जिनमें

**लंपी स्किन बीमारी (एलएसडी)**

मुख्यमंत्री जी ने राज्य के पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि लंपी स्किन बीमारी (एलएसडी) से घबराने की आवष्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

मनुष्यों में एलएसडी वायरस के संक्रमण के संबंध में अफवाहों को स्पष्ट करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पशुपालकों को इस बीमारी से डरना नहीं चाहिए, क्योंकि यह बीमारी मनुष्यों में नहीं फैलती है। इसलिए बीमार पशुओं की देखभाल करने वाले पशुपालकों के लिए डरने की कोई बात नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस बीमारी से मृत्यु दर बहुत कम अर्थात केवल 1 से 5 प्रतिशत है। विशेशकर उन पशुओं को अधिक खतरा है जो पहले से ही अन्य रोगों से ग्रस्त हैं। बीमारी की शुरुआत में ही इलाज मिलने पर इस रोग से ग्रस्त पशु 2–3 दिन में बिल्कुल स्वस्थ हो जाता है। वर्तमान में प्रदेश के 3497 गांवों तक 52,544 पशु इस बिमारी से ग्रस्त हुए। इनमें से 29,104 पशु स्वस्थ हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने एलएसडी बिमारी की रोकथाम के लिए पशुपालकों को फोगिंग करवाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि किसानों को मक्खियों और मच्छरों को नियंत्रित करने की भी सलाह दी जा रही है, जो बीमारी फैलने का प्रमुख कारक हैं। इसलिए पशुपालक सफाई का विशेष ध्यान रखें।

**यात्री एवं माल कर की बकाया राशि के निपटान हेतू एकमुष्त योजना की घोषणा।**

मुख्यमंत्री जी ने 31 मार्च, 2017 तक यात्री एवं माल कर की 2113 करोड़ रुपये की बकाया राशि के निपटान के लिए एकमुष्त योजना की घोषणा की। मुख्यमंत्री जी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में पुराना पंजाब पैसेंजर एवं गुड्स टैक्स एक्ट, 1952 खत्म हो चुका है। लेकिन उससे पहले की लगभग 2113 करोड़ रुपये की राशि की वसूली बकाया है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा बनाई गई योजना के तहत यदि भुगतान अधिसूचना की तिथि से 90 दिनों की अवधि के भीतर किया जाता है, तो लाभार्थी को मूल कर के साथ–साथ मूल कर के 25 प्रतिशत के बराबर एकमुष्त निपटान राशि देनी होगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

प्रारंभिक आकलन के अनुसार वाहन कर, ब्याज और जुर्माने की राशि के बारे में जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने बताया कि कुल 2,62,715 वाहन ऐसे हैं, जिनका 31 मार्च, 2017 तक कुल देय कर की राशि 778 करोड़ रुपये है, जबकि 31 मार्च, 2017 तक देय ब्याज 761 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2021 तक ब्याज की राशि 574 करोड़ रुपये है।

**बिजली सरचार्ज माफी योजना–2022 की घोषणा'।**

मुख्यमंत्री जी ने बिजली डिफॉल्टर्स उपभोक्ताओं को राहत देते हुए बिजली सरचार्ज माफी योजना–2022 की घोषणा की, जिसके तहत ऐसे उपभोक्ता अपनी बकाया मूल राशि का भुगतान एकमुष्त या तीन किस्तों में कर सकते हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह योजना घरेलू, सरकारी, कृषि और अन्य डिफॉल्ट बिजली उपभोक्ताओं पर लागू होगी, जो 31 दिसंबर, 2021 को और उसके बाद भी डिफॉल्टर चल रहे हैं। इसके अलावा, जिन उपभोक्ताओं के बिल विवाद के मामले किसी भी न्यायिक फोरम में चल रहे हैं, यदि वे मामला वापिस ले लेते हैं तो वे भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए योजना के लाभों के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी बकाया मूल राशि का भुगतान एकमुष्त या तीन किस्तों में कर सकेंगे। यदि ऐसे उपभोक्ता अपनी मूल राशि का भुगतान एकमुष्त करते हैं तो उन्हें मूल राशि पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त डिस्काउंट दिया जाएगा। फ्रीज किए गए सरचार्ज की माफी 6 बिलों के नियमित भुगतान के साथ किस्तों में की जाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकारी बिजली कनेक्शभन सहित सभी अन्य उपभोक्ता वर्गों के लिए विलंब भुगतान सरचार्ज की 10 प्रतिशत वार्षिक की साधारण दर से पुनः गणना की जाएगी, जबकि वर्तमान में यह गणना 1.5 प्रतिशत मासिक की दर से की जाती है।

**शहरी क्षेत्रों में नई सड़कों के निर्माण 50–50 प्रतिशत हिस्सेदारी के अनुसार करने की घोषणा।**

मुख्यमंत्री जी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के लोगों को सुगम यातायात उपलब्ध करवाने के दृश्टिगत घोषणा की है कि अब से शहरी क्षेत्रों में नई सड़कों का निर्माण 50–50 प्रतिशत

# साप्ताहिक सूचना पत्र

हिस्सेदारी के अनुसार किया जाएगा। यानी सड़कों का निर्माण के लिए 50 प्रतिशत पैसा राज्य सरकार की ओर से दिया जाएगा और 50 प्रतिशत का खर्च शहरी स्थानीय निकाय को करना होगा। उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों के पास पैसे की कमी के कारण यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि शहरों में जनता की मांगों के अनुरूप शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा 506 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग को निर्देश दे दिए गए हैं कि वे आगामी 15 दिनों में प्रस्तावित सड़कों का टेंडर जारी करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा राज्य कृशि विपणन बोर्ड प्रदेश में लगभग 850 किलोमीटर लंबाई की 313 सड़कें बनाई जानी है, नई सड़कें डब्ल्यूबीएम के स्थान पर ब्लैक टॉप तकनीक से बनाई जाएंगी। इन सड़कों पर पानी नहीं भरेगा और यातायात भी सुगम होगा। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2024 तक मंडियों तक जाने वाली सभी सड़कें बन जाएंगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 90 विधानसभा क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के संबंध में विधायकों से मांग और सुझाव लिए गए हैं। इसके अनुरूप लोक निर्माण विभाग द्वारा आगामी डेढ़ साल में कुल 2750 किलोमीटर की सड़कें बनाई जाएंगी।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं संरचना विकास निगम के 24 इंडस्ट्रियल एस्टेट है। इनमें 273 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत का कार्य कांट्रेक्टर द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांट्रेक्टर द्वारा कई बार काम में देरी के चलते मरम्मत कार्य समय पर पूर्ण नहीं होता। इसके लिए हम डिफेक्ट लायबिलिटीज को मॉनिटर करेंगे और हर 6 महीने में सर्टिफिकेशन के माध्यम से सड़कों की हालत की जानकारी लेंगे। इसके अलावा, 168 किलोमीटर लंबाई की सड़कें विभाग द्वारा बनाई जाएंगी।

**'समाधान से विकास योजना को छह महीन के लिए बढ़ाया'**

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय के अंतर्गत डेवलेपर्स से ईडीसी का बकाया पैसा लेना था, उनके लिए सरकार ने समाधान से विकास योजना बनाई थी। बहुत से लोगों ने इस योजना का लाभ उठाया था। इस योजना को अब कुछ बदलावों के साथ छह महीने के लिए बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि ईडीसी का ब्याज व जुर्माने

का 25 प्रतिशत एकमुष्त व मूल ईडीसी का बकाया देने पर 75 प्रतिशत राशि को माफ किया जाएगा। इस योजना को 15 सितंबर तक पहले की तरह ही लागू किया जा रहा है। इसके बाद अगले छह महीने तक हर महीने 25 प्रतिशत में एक–एक प्रतिशत के इजाफे के साथ लागू किया जाएगा।

**सरकारी स्कूल बंद करने के संबंध में।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार न तो किसी स्कूल को बंद करेगी और प्रदेश में शिक्षकों के पद खाली नहीं हैं। राज्य सरकार 11,000 शिक्षकों की भर्ती करेगी, जिनमें से एचपीएससी द्वारा 5000 पीजीटी और एचएसएससी द्वारा 6000 टीजीटी की भर्ती की जाएगी। नियमित भर्ती होने तक अध्यापकों की भर्ती कौशल रोजगार के माध्यम से करवाने की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। पिछले 8 वर्षों में हमने 8,600 पीजीटी और टीजीटी की भर्ती की है।

स्कूलों के विलय पर शोर मचाने पर विपक्ष पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में 509 स्कूलों का विलय हुआ था, जबकि हमारे कार्यकाल में 120 स्कूलों का ही विलय हुआ है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विलय के बाद सीनियर सेकेंडरी स्कूल की संख्या 2304, हाई स्कूल की 1027, मिडिल की 2122, प्राइमरी की 4184 है। कांग्रेस के विपरीत, हमने इन मर्ज किए गए स्कूलों को कभी भी निष्क्रिय नहीं छोड़ा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा देश में एक बच्चे की शिक्षा पर सर्वाधिक राशि खर्च कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने स्कूलों के नाम पर राजनीति की। वे अपने कार्यकाल में एक ही भवन में 4–4 स्कूल चलाते थे। एक ही भवन में चल रहे इन स्कूलों के लिए सिर्फ पद सृजित करने के लिए चार अलग–अलग प्रमुख नियुक्त किए गए थे। हमने ऐसे स्कूलों का विलय किया है और अब केवल एक ही मुखिया द्वारा चलाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने स्कूलों का विलय करने और स्कूल प्रमुख की जिम्मेदारी हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक को सौंपने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मॉडल संस्कृति स्कूलों में भी दखिले में संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। राज्य सरकार ने प्रदेशभर में 500 मॉडल संस्कृति स्कूल खोलने की योजना भी बनाई है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## आचार्य श्री प्रभुपाद जी के 150वें जन्मोत्सव कार्यक्रम

(दिनांक 26.08.22)




**विषय: आचार्य श्री प्रभुपाद जी के 150वें जन्मोत्सव कार्यक्रम।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज कुरूक्षेत्र पहुंचकर गोडिया मठ द्वारा आयोजित श्री प्रभुपाद जी के 150 वे जन्मोत्सव के कार्यक्रम में पहुंचे और संतो से आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज सनातन धर्म और सनातनी परंपराएं हमारे मठों और धार्मिक संस्थाओं के योगदान की वजह से बचे हुए हैं। हमारी संस्कृति को मिटाने के लिए कितने ही प्रयास किए गए। संस्कृति को चोट पहुंचाने के लिए कितने ही आक्रमण किए गए लेकिन हमारी धार्मिक संस्थाएं और हमारी आस्था इतनी मजबूत थी कि इस पर खरौंच तक नहीं आ सकी। इसे मिटाने वाले मिट गए लेकिन हिंदू धर्म और संस्कृति आज भी ऐसी की ऐसी है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की अविरल धारा न रूकी है, न रूकेगी और न इसे कोई रोक पाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारे मठ, धर्म

# साप्ताहिक सूचना पत्र



और संस्कृति के केंद्र ही नहीं बल्कि हमारी धार्मिक विरासत भी यहीं विराजमान है। मठों में केवल धर्म का प्रचार–प्रसार नहीं बल्कि यहां मानवता के संदेश का संचार भी होता है। मठ सनातन संस्कृति का केंद्र हैं। मानव कल्याण के लिए इन्हें स्थापित किया गया है। उन्होंने गौड़ीय मिशन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद के 150वें जन्मोत्सव पर नमन करते हुए सभी साधु संतों को बधाई दी। इसके अलावा मठ द्वारा 3 साल तक चलाए जाने वाले स्मरण उत्सव की भी बधाई दी। मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी संत महात्माओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि धर्म की पावन धरती कुरुक्षेत्र और यहां प्रभुपाद के जन्मोत्सव का आयोजन इससे शुभ कुछ नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बहुत सी समस्याओं का समाधान आध्यात्मिक गलियारे से निकल सकता है। आज समाज को महापुरुशों की शिक्षा का अनुसरण करना चाहिए। मनुष्य कभी ऐसे चौराहे पर खड़ा हो जाता है, जहां से जीवन की दिशा नहीं मिलती। लेकिन पग–पग पर आने वाली बाधाओं का हल महापुरुषों के जीवन से मिल जाता है। मुख्यमंत्री ने सभी धार्मिक विभूतियों से निवेदन किया कि वे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़े। युवा हमारी संस्कृति के वाहक बने । आने वाली पीढ़ियां

न केवल धार्मिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक रूप से आगे बढ़े। हमें आदिकाल से चली आ रही मान्यताओं को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना होगा। संत–महापुरुषों के मूल्यों को जन–जन तक पहुचाएं और उनका जीवन में भी अनुसरण करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत संत महात्माओं की भूमि है। हिंदू धर्म वह धर्म है, जिसने मान्यताओं पर ही बल नहीं दिया है बल्कि मानवता पर बल दिया है। लोगों ने अपनी आस्था और विश्वास से हिंदू धर्म को माना है। हमने कभी किसी को हानि नहीं पहुंचाई। किसी की आस्था को नहीं झुकाया। हमने हमेशा कहा है हम भी ठीक हैं और आप भी ठीक हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विश्व में शायद ही ऐसा देश हो जिसमें विभिन्न विचारधारा के लोग इतने लंबे समय तक सम्माहित होकर अलग पहचान बनाए रखने का उदाहरण प्रस्तुत करते हों। इसका श्रेय उन ऋषि–मुनियों को जाता है, जिन्होंने अपना जीवन मानव कल्याण के लिए लगा दिया। आचार्य श्रील प्रभुपाद भी उन्हीं में से एक हैं।

## शहीद डीएसपी सुरेंद्र मांझू जी के परिजनों से मुलाकात

(दिनांक 26.08.22)



**विषय: शहीद डीएसपी सुरेंद्र मांझू जी के परिजनों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र सेक्टर 4 में स्थित शहीद डीएसपी सुरेंद्र सिंह मांझू के निवास स्थान पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार शहीद डीएसपी सुरेंद्र सिंह मांझू के परिजनों के साथ खड़ी

# साप्ताहिक सूचना पत्र

है और परिजनों को हर संभव सहयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने शहीद डीएसपी सुरेंद्र सिंह मांझू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर के श्रद्धांजलि अर्पित की और मुख्यमंत्री ने शहीद डीएसपी सुरेंद्र मांझू की धर्मपत्नी कौशल्या देवी, बेटे सिद्धार्थ व भाई अशोक बिश्नोई से दुरूख साझा किया। मुख्यमंत्री ने शहीद डीएसपी सुरेंद्र कुमार मांझू की धर्मपत्नी कौशल्या देवी से बातचीत भी की। इस मौके पर बिश्नोई समाज की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल को एक मांगपत्र भी सौंपा गया।

## माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा खरखौदा में मारुति सुजुकी प्लांट का शिलान्यास

(दिनांक 28.08.22)



**विषय: माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा खरखौदा में मारुति सुजुकी प्लांट का शिलान्यास।**

**प्रभाव:** आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने सोनीपत के खरखौदा में स्थित इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मारुति–सुजुकी के तीसरे प्लांट की आधारशिला रखी। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री






जी भी मौजूद रहे। इस मौके पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि ये विस्तार सुजुकी के लिए भविष्य की अपार संभावनाओं का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि मारुति–सुजुकी की सफलता भारत–जापान की मजबूत पार्टनरशिप का भी प्रतीक है। बीते 8 वर्षों में दोनों देशों के बीच रिश्ते नई ऊंचाइयों तक गए हैं। माननीय प्रधानमन्त्री जी जापान और भारत के सांस्कृतिक रिश्ते और दोस्ती को मिसाल बताया। साथ ही उन्होंने गुजरात के अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल को याद करते हुए। गुजरात के विकास में जापान द्वारा किए गए सहयोग के लिए उनका धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सबसे पहले परियोजना के शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त किया और कहा कि व्यस्तताओं के बीच उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए समय निकाला। वहीं मुख्यमंत्री जी ने मारुति सुजुकी द्वारा हरियाणा में तीसरा प्लांट स्थापित करने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह एक ऐसा कदम है, जिसके माध्यम से 21वीं सदी का भारत 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। साथ ही हरियाणा की खुशहाली में यह नींव का पत्थर होगा। इस परियोजना से हरियाणा में औद्योगिक क्रांति के अगले दौर का शुभारम्भ होगा। इस प्लांट से करीब 11 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मारुति सुजुकी कंपनी को हरियाणा में 4 दशक पूरे हो गए हैं। आज आटोमोबाइल क्षेत्र में हरियाणा की जो विशेष पहचान है, उसे बनाने में इसने उल्लेखनीय योगदान किया है। उन्होंने कहा कि भारत

# साप्ताहिक सूचना पत्र




में जापान की 1450 कंपनियों में से 28 फीसदी का निवेश हरियाणा में है। हम दिल से दिल के रिष्ते में विश्वास करते हैं न की व्यापार के रिश्ते में।

मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा को दी गई बड़ी परियोजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि केंद्र ने बहुत से प्रोजेक्ट्स हरियाणा को दिए हैं, इनमें वेस्टर्न डेडिकेटिड फ्रेट कॉरीडोर, रेल कोच रिपेयर फैक्ट्री, कुण्डली–मानेसर–पलवल एक्सप्रेस–वे, कुण्डली–गाजियाबाद–पलवल एक्सप्रेस–वे, बल्लबगढ़–मुजेसर, मुंडका बहादुरगढ़, गुरुग्राम–सिकंदरपुर, फरीदाबाद–बल्लबगढ़ मैट्रो लिंक, रोहतक में देश का पहला एलिवेटिड रेलवे ट्रैक, रोहतक–महम–हांसी रेलवे लाइन और झज्जर स्थित एम्स के परिसर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। इसी प्रकार, 'हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर' के रूप में भी केंद्र सरकार ने प्रदेश के लिए एक बड़े प्रोजेक्ट की मंजूरी दी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी तरह केंद्र सरकार का सहयोग हरियाणा को मिलता रहेगा।